भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4265 का उत्तर

बिहार में वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी सेवाओं का शुरू किया जाना

4265. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा बिहार के विभिन्न स्टेशनों को जोड़ने वाली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी सेवाओं को शुरू करने का विचार किया गया है/अनुमोदन प्रदान किया गया है, यदि हां, तो चिह्नित किए गए मार्गों, उद्गम और समाप्ति स्टेशनों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके शुरू होने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या उक्त रेलगाड़ी के ठहराव/टर्मिनल के रूप में बिहार में किन्हीं रेलवे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी स्टेशन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिहार के मार्गों पर चलने वाली उक्त रेलगाड़ी के लिए रेक विनिर्माण, परीक्षण और सुरक्षा स्वीकृति का कार्य पूरा कर लिया गया है, यदि हां, तो परीक्षण की स्थिति और वाणिज्यिक प्रचालनों के लिए अपेक्षित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने लंबी दूरी की कनेक्टिविटी और बिहार से यात्रियों की मांग पर वंदे भारत स्लीपर सेवाएं शुरू करने के संभावित प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो विशेषकर विभिन्न महानगरों से यात्रा के समय में संभावित कमी सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वेरिएंट स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। ऐसी दो गाड़ियों का विनिर्माण पहले ही किया जा चुका है। व्यापक परीक्षणों के बाद, इन गाड़ियों को भारतीय रेल में शुरू किया गया है। पहली वंदे भारत स्लीपर

सेवा अर्थात् 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का 22.01.2026 से नियमित परिचालन प्रारंभ हो चुका है।

वंदे स्लीपर जैसी नई चल स्टॉक के विकास की प्रक्रिया में एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रौद्योगीकीय नवाचार, रणनीतिक योजना और विनिर्माण को मिलाकर सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके। इस सीरीज़ के उत्पादन में प्रोटोटाइप का विकास, व्यापक परीक्षण और जाँच शामिल है।

यात्रियों के यात्रा अनुभव में सुधार लाने तथा सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए, इन रेलगाड़ियों में आधुनिक सवारी डिब्बों की व्यवस्था की गई है जिनमें उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाएँ शामिल हैं जैसे:

- **झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर एवं एंटी-क्लाइम्बर।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **180/160 किलोमीटर प्रति घंटे के डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।**
- **ईएन मानकों के साथ कार बॉडी के अनुरूप दुर्घटना-रोधी डिज़ाइन।**
- **अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।**
- **बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।**
- **ऊर्जा दक्षता के लिए रिजेनरेटिव ब्रेकिंग प्रणाली।**
- **यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।**
- **सभी सवारी डिब्बों में केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे सीसीटीवी।**
- **आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।**
- **दिव्यांगजन यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।**
- **यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति पर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।**
- **ऊपर की शायिकाओं पर चढ़ने में सुगमता के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।**

चूंकि रेलवे नेटवर्क राज्य के सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए रेलगाड़ियां नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसे सीमाओं के आर-पार परिचालित की जाती हैं। बहरहाल, अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2026 की अवधि के दौरान, भारतीय रेल ने बिहार राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आरंभिक/अंतिम गंतव्य होने के आधार पर 136 रेल सेवाएं शुरू

की हैं, जिनमें 22 वंदे भारत सेवाएं, 24 अमृत भारत सेवाएं और 02 नमो भारत रैपिड रेल सेवाएं शामिल हैं।

वंदे भारत [कुर्सीयान]:

क्र.सं.	गाड़ी का नाम और संख्या
1.	20893/20894 टाटानगर – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
2.	21893/21894 टाटानगर – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
3.	21895/21896 टाटानगर – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
4.	22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
5.	22303/22304 हावड़ा – गया वंदे भारत एक्सप्रेस
6.	22309/22310 हावड़ा – भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7.	22345/22346 पटना – गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस
8.	22347/22348 हावड़ा – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
9.	22349/22350 पटना - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
10.	26301/26302 जोगबनी – दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
11.	26501/26502 गोरखपुर – पाटलीपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस

अमृत भारतः

क्र.सं.	गाड़ी का नाम और संख्या
1	11015/11016 लोकमान्य तिलक (ट.)- सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	13697/13698 गया- दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
3	14048/14047 दिल्ली - सितामढी अमृत भारत एक्सप्रेस
4	14628/14627 छैहरटा-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
5	15133/15134 छपरा - आनंद विहार (ट) अमृत भारत एक्सप्रेस
6	15293/15294 मुज्जफ़रपुर-चर्लापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
7	15557/15558 दरभंगा-आनंद विहार (ट) अमृत भारत एक्सप्रेस
8	15561/15562 दरभंगा-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस

9	15567/15568 बापुधाम मोतिहारी-आनंद विहार (ट) अमृत भारत एक्सप्रेस
10	16601/16602 ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
11	19623/19624 मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
12	22361/22362 राजेंद्र नगर - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

नमो भारत रैपिड रेलः

क्र.सं.	गाड़ी का नाम और संख्या
1.	94803/94804 जयनगर - पटना नमो भारत रैपिड रेल एक्सप्रेस

मेल/एक्सप्रेस एवं सवारी गाड़ी

क्र.सं.	गाड़ी का नाम और संख्या
1.	13212/13211 दानापुर-जोगबनी एक्सप्रेस
2.	13213/13214 जोगबनी - सहरसा एक्सप्रेस
3.	13251/13252 पटना - आनंदविहार (ट) एक्सप्रेस
4.	13334/13333 पटना - दुमका एक्सप्रेस
5.	15135/15136 छपरा - अमृतसर एक्सप्रेस
6.	15501/15502 रक्सौल - जोगबनी एक्सप्रेस
7.	15505/15506 सहरसा - पाटलीपुत्र एक्सप्रेस
8.	15507/15508 दरभंगा - पाटलीपुत्र एक्सप्रेस
9.	15555/15556 बापुधाम मोतिहारी -पाटलीपुत्र मेमु
10.	15589/15590 मुज्जफ़रपुर-हडपसर एक्सप्रेस
11.	15701/15702 कटिहार-सिलिगुड़ी एक्सप्रेस
12.	15723/15724 जोगबनी-सिलिगुड़ी एक्सप्रेस

13.	18119/18120 टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस
14.	19801/19802 सोगरिया केबिन-दानापुर एक्सप्रेस
15.	22357/22358 गया - लोकमान्य तिलक (ट) एक्सप्रेस
16.	53201/53202 पटना - बक्सर पैसेंजर
17.	53203/53204 झाझा - दानापुर पैसेंजर
18.	53237/53238 गया - पटना पैसेंजर
19.	53239/53240 गया - पटना पैसेंजर
20.	53241/53242 गवनाह - नरकटियागंज पैसेंजर
21.	55121/55122 सिवान -समस्तिपुर पैसेंजर
22.	55501/55502 झंझारपुर -लौकाह बजार पैसेंजर
23.	55503/55504 झंझारपुर - लौकाह बजार पैसेंजर
24.	55583/55584 रक्सौल - नरकटियागंज पैसेंजर
25.	63273/63274 राजगिर-पटना मेमु
26.	63275/63276 किऊल-पटना मेमु
27.	63329/63330 गया - पाटलीपुत्र मेमु
28.	63331/63332 किऊल-मोकामा मेमु
29.	63333/63334 पाटलीपुत्र-बलिया मेमु
30.	63357/63358 फतुआ -हिल्सा मेमु
31.	63359/63360 सहरसा - दौरम मधेपुरा मेमु
32.	63361/63362 नरकटियागंज -गोहाना मेमु
33.	63375/63376 सहरसा - सुपौल मेमु

34.	63383/63384 वैशाली-कोडरमा मेमु
35.	63389/63390 नवादा-पटना मेमु
36.	63391/63392 इस्लामपुर-पटना डेमु
37.	63411/63412 साहिबगंज-भागलपुर मेमु
38.	75213/75214 रक्सौल-मेहसी मेमु
39.	75215/75216 रक्सौल - जयनगर पैसेंजर
40.	75221/75222 सोनपुर - वैशाली डेमु
41.	75223/75224 बिहारीगंज-पुर्णिया कोर्ट डेमु
42.	75225/75226 सहरसा - पुर्णिया कोर्ट डेमु
43.	75249/75250 सहरसा- अमहा पिपरा डेमु
44.	75251/75252 सहरसा - समस्तिपुर डेमु

इसके अलावा, किसी मार्ग/रेलखंड में, वंदे भारत स्लीपर सेवाओं सहित नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें शामिल हैं:-

- उस खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए संबंधित अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

******